**अनदेखी** | सज रही चाट फुल्की और डोसे की दुकानें

# कटंगा एनएमटी ट्रैक उजड़ा, झूले गायब





**जबलपुर, नवभारत।** शहर के पॉश इलाकों में जगह जगह नॉन-मोटराइज्ड ट्रैक स्मार्ट सिटी द्वारा बनवाए गए थे। जो अब बर्बाद हो चुके है।

बात करे अगर कटंगा से ग्वारीघाट तक बने नॉन मोटराइज्ड ट्रैक की तो यह शहर में सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है। इसके पीछे कारण यहां चल रहे अमृत जल योजना के कार्य के चलते यह ट्रैक पूरी तरह से उजड़ चुका है। शुरुआत में कुदाई के दौरान यहां बड़े बड़े पाइप लाकर रख दिए गए थे जिसके चलते ये ट्रक जगह-जगह से क्षतिग्रस्त हो चुका है। इस ट्रैक को बनाने का उद्देश्य यह था कि लोग इस पर साइकिल चला सकेंगे, वॉक कर सकेंगे और चारों ओर हरियाली होगी। लेकिन आज हकीकत में इस ट्रैक पर सिवाए धूल मिट्टी, अतिक्रमण और बर्बादी के अलावा कुछ नजर नहीं आ रहा है।

### नहीं है पैसा....

मौजूदा स्थिति में एनएमटी पर साइकिल चलाना तो दूर यहाँ पैदल चलना भी लोगों को मुश्किल हो गया है। क्योंकि यहाँ ट्रैक की सुरक्षा के लिए लगाए गए लोहे के बैरियर से पाइप चोरी हो चुके हैं, लाइटें निकाली जा चुकी है। झूले और अन्य उपकरण अपनी जगह से गायब हो चुके हैं। जिससे चलते ट्रैक के भीतर चलने वाले अपने आप को सुरक्षित महसूस नहीं करते हैं। जानकारी लेने पर स्मार्ट सिटी के सूत्रों ने बताया कि इस ट्रैक की देखरेख नगर निगम ही अपने राजस्व से कर रही है। चूंकि स्मार्ट सिटी के पास अभी राजस्व की भारी किल्लत चल रही है, जिसके चलते यह विभाग इसकी देखरेख करने में असमर्थ साबित हो रहा है।

### मरम्मत का कार्य सिर्फ स्मार्ट सिटी के पास

साइक्लिंग ट्रैक के बारे मे जानकारी जुटाने पर पता चला कि स्मार्ट सिटी के पास सिर्फ ट्रैक की देखरेख के संबंधी कार्य ही शामिल है। बता दे कि शुरूआती दिनों में यहाँ मार्ग पर जगह-जगह सीमेंट की कुर्सियाँ रखी गईं, ताकि लोग कुछ देर यहाँ बैठकर आराम करने के साथ ही हरियाली का आनंद उठा सकें, साथ ही एक्सरसाइज के लिए कुछ उपकरण लगाए गए थे। कुर्सियाँ अब गायब हो चुकी हैं। यहाँ काबिज चाट, चाइनीज व डोसे के ठेले वालों ने अब इस ट्रैक पर अपना हक जमा लिया है।

### जगह-जगह अतिक्रमण

एनएमटी पर जगह-जगह अवैध दुकानें, अतिक्रमण और निर्माण सामग्रियों के ढेर नजर आते हैं। सड़क के किनारे मौजूद दुकानों में आने वाले ग्राहकों के वाहन भी ट्रैक पर खड़े होते हैं। कुछ रहवासियों के वाहन जो सुरक्षा रेलिंग थोड़ी बहुत बची है उसके भीतर पार्क दिखाई देते हैं। ये सब देखकर भी स्मार्ट सिटी के अधिकारी एनएमटी को सुरक्षित करने कोई कारगर उपाय करते नजर नहीं आते, जिसकी वजह से मनमानी का आलम जोरों पर है।

**इनका कहना है**

स्मार्ट सिटी के पास सिर्फ ट्रैक के मेंटेनेंस का कार्य ही है। बाकी सारी जानकारी नगर निगम से ही उपलब्ध हो सकेगी।

**अरविंद शाह**
**सीईओ, स्मार्ट सिटी**

# हिंदूवादी नेता टी राजा सिंह के मामले की सुनवाई टली

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट में शनिवार को हिंदूवादी नेता टी राजा सिंह के मामले की सुनवाई बेंच के अभाव में टल गई। जस्टिस विवेक जैन की एकलपीठ ने शुक्रवार को सुनवाई के दौरान स्पष्ट किया था कि मामले की प्रकृति को देखते हुए कोर्ट राज्य के रुख पर विचार किए बिना कोई अंतरिम आदेश पारित करने का इरादा नहीं रखता। जिस पर शासकीय अधिवक्ता एक दिन के भीतर सरकार से इस सिलसिले में निर्देश प्राप्त कर अवगत कराएं। कोर्ट ने अगली सुनवाई तिथि एक जून नियत की थी, किंतु याचिकाकर्ता धर्मरक्षक के भोपाल जिलाध्यक्ष माधव सेन के अधिवक्ता अतुल जैसवानी ने 31 मई को आयोजन तिथि होने के मद्देनजर 30 मई को सुनवाई का निवेदन किया था। लेकिन बेंच के अभाव में ऐसा नहीं हो सका।

गत् दिवस शुक्रवार को सुनवाई के दौरान शासकीय अधिवक्ता आदित्य चौबे ने स्वीकार किया था कि भोपाल स्थित पुलिस के संबंधित प्राधिकरण से अभी तक कोई निर्देश प्राप्त नहीं हुए हैं। निर्देश प्राप्त करने का प्रयास सतत जारी है। भोपाल की संस्था धर्मरक्षक आगामी 31 मई को भोपाल के गांधीनगर बस स्टैंड के समीप वृहद धर्मसभा का आयोजन करने जा रही है। इस सभा में हैदराबाद के विधायक हिंदूवादी नेता टी राजा को आना है। लेकिन आयोजन की अनुमति के लिए भोपाल के डिप्टी पुलिस कमिश्नर को दिया गया आवेदन अभी तक लंबित है। इसका निराकरण नहीं किया गया है। यह कहते हुए संस्था ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। 18 मई को डिप्टी पुलिस कमिश्नर को आयोजन की अनुमति के लिए आवेदन दिया था। इसका निराकरण नहीं होने पर 27 मई को फिर आवेदन दिया गया। लेकिन, इस आवेदन पर डिप्टी पुलिस कमिश्नर कार्यालय से टीप लिख दी गई कि संबंधित पुलिस थाने से अभिमत मांगा गया है, जो कि अभी तक नहीं मिला है।

### नौ वर्ष से जेल में बंद अपीलार्थी दोषमुक्त

मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस विवेक अग्रवाल व जस्टिस अवनींद्र कुमार सिंह की युगलपीठ ने अपनी तल्ख टिप्पणी में कहा कि ट्रायल कोर्ट ने मामले का ट्रैक खो दिया और निर्णय पारित किया। यह अपीलार्थी के साथ घोर अन्याय है। लिहाजा नौ वर्ष से जेल में बंद अपीलार्थी को दोषमुक्त करार दिया जाता है।दरअसल अपीलकर्ता मंडीदीप रायसेन निवासी संजय गुप्ता की ओर से अधिवक्ता आनंद कुमार शुक्ला, आशीष त्रिवेदी, प्रशांत अवस्थी व असीम त्रिवेदी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि अपीलार्थी 12 वर्षीय नितिन की हत्या के बहुचर्चित मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहा है। रायसेन की ट्रायल कोर्ट ने उसके विरुद्ध तीन अप्रैल 2017 को उम्रकैद व 17 हजार जुर्माने का फैसला सुनाया था। तब से नौ वर्ष हो गए और वह जेल की सलाखों में है। उस पर आरोप लगाया गया था कि उसने नितिन को घर पर बुलाया। हत्या की और शव को बोरे में भरकर कूड़े में फेंक दिया।

# एलएचबी कोच के साथ रवाना हुई श्रीधाम एक्सप्रेस




**जबलपुर, नवभारत।** यात्रियों को बेहतर सुविधाएं देने की दिशा में भारतीय रेलवे लगातार अपने कोच और ट्रेनों को आधुनिक बना रहा है। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर, भोपाल मंडल से गुजरने वाली जबलपुर-निजामुद्दीन श्रीधाम एक्सप्रेस को अब एलएचबी कोच के साथ चलाने का फैसला लिया गया है। यह बदलाव 30 मई से लागू हो चुका है जिससे यात्रियों को अधिक सुरक्षित और आरामदायक सफर का अनुभव मिलेगा। रेलवे प्रशासन के अनुसार गाड़ी संख्या 12192 जबलपुर-निजामुद्दीन श्रीधाम एक्सप्रेस 30 मई से जबलपुर से एलएचबी रैक के साथ रवाना हुई। वहीं, गाड़ी संख्या 12191 निजामुद्दीन-जबलपुर श्रीधाम एक्सप्रेस 31 मई से निजामुद्दीन से एलएचबी कोच के साथ संचालित की जाएगी। यह बदलाव यात्रियों के लिए भी महत्वपूर्ण है।

### होंगे 22 कोच

नए एलएचबी रैक में कुल 22 कोच होंगे। इसमें प्रथम एसी, द्वितीय एसी, तृतीय एसी, थर्ड एसी इकॉनमी, स्लीपर और सामान्य श्रेणी के डिब्बे शामिल हैं। साथ ही एसएलआरडी और जनरेटर कार भी जोड़ी गई हैं। इस नई संरचना से ट्रेन की क्षमता और संचालन दोनों में सुधार होगा एलएचबी कोच लगने के बाद इस ट्रेन में कुल 1128 आरक्षित बर्थ उपलब्ध होंगी। इनमें प्रथम एसी में 24, द्वितीय एसी में 104, तृतीय एसी में 360, थर्ड एसी इकॉनमी में 80 और स्लीपर क्लास में 560 बर्थ शामिल हैं। इससे यात्रियों को सीट मिलने की संभावना बढ़ेगी और वेटिंग की समस्या में भी कमी आएगी।

# तरंग में चर्चित नाटक हमारे राम के मंचन के दौरान शॉर्ट सर्किट से लगी आग



**जबलपुर।** शहर के तरंग प्रेक्षागृह में शनिवार शाम उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब प्रसिद्ध अभिनेता आशुतोष राणा के चर्चित नाटक हमारे राम के मंचन के दौरान मुख्य विद्युत लाइन में अचानक शॉर्ट सर्किट हो गया। तेज धमाके और चिंगारियों के साथ हुई इस तकनीकी खराबी के कारण पूरे सभागार की बिजली एकाएक बंद हो गई, जिससे कुछ समय के लिए दर्शकों के बीच दहशत की स्थिति पैदा हो गई हालांकि बिजली विभाग के कर्मचारियों की तत्परता और त्वरित कार्रवाई के चलते संभावित बड़ा हादसा टल गया और कुछ ही देर में स्थिति सामान्य कर ली गई।

जानकारी के अनुसार कार्यक्रम पूरे उत्साह के साथ चल रहा था और सभागार दर्शकों से खचाखच भरा हुआ था अभिनेता आशुतोष राणा मंच पर अपने अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर रहे थे इसी दौरान तकनीकी क्षेत्र के पास स्थित मुख्य विद्युत लाइन में अचानक तेज आवाज के साथ शॉर्ट सर्किट हुआ धमाके की आवाज सुनते ही सभागार की सभी लाइटें बंद हो गईं और पूरा हॉल अंधेरे में डूब गया। अचानक बिजली गुल होने से दर्शकों में कुछ समय के लिए भ्रम और घबराहट की स्थिति बन गई वीआईपी दीर्घा सहित सभागार में मौजूद लोग एक-दूसरे से घटना के बारे में जानकारी लेने लगे। कार्यक्रम में कई वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, विद्युत विभाग के अधिकारी तथा शहर के गणमान्य नागरिक भी मौजूद थे। ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था संभाल रहे कर्मचारियों और अधिकारियों ने तत्काल सक्रियता दिखाते हुए स्थिति पर नियंत्रण करने का प्रयास शुरू कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शॉर्ट सर्किट के दौरान कुछ क्षणों के लिए लोगों को आशंका हुई कि कहीं आगजनी जैसी स्थिति न बन जाए। हालांकि मौके पर मौजूद बिजली विभाग के मैदानी अमले ने तेजी से कार्रवाई करते हुए फाल्ट वाले हिस्से को मुख्य विद्युत सप्लाई से अलग कर दिया इसके बाद वैकल्पिक लाइन के माध्यम से बिजली आपूर्ति बहाल करने की प्रक्रिया शुरू की गई. कर्मचारियों की सतर्कता के कारण शॉर्ट सर्किट का असर सीमित रहा और आग फैलने जैसी कोई घटना नहीं हुई। घटना के दौरान सुरक्षा एजेंसियां भी पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गईं। सभागार के भीतर मौजूद लोगों को शांत रहने की अपील की गई और निकास मार्गों पर भी निगरानी बढ़ा दी गई। कुछ मिनटों की असुविधा और तनाव के बाद बिजली व्यवस्था बहाल कर दी गई, जिससे दर्शकों ने राहत की सांस ली। इसके बाद कार्यक्रम को व्यवस्थित तरीके से आगे बढ़ाया गया। मौके पर मौजूद लोगों का कहना है कि यदि समय रहते बिजली विभाग के कर्मचारियों ने त्वरित कार्रवाई नहीं की होती तो स्थिति गंभीर हो सकती थी। सभागार में बड़ी संख्या में दर्शकों की मौजूदगी को देखते हुए यह घटना किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती थी हालांकि कर्मचारियों की सजगता और तकनीकी दक्षता के चलते किसी भी प्रकार की जनहानि या संपत्ति का नुकसान नहीं हुआ। घटना के बाद अधिकारियों ने विद्युत व्यवस्था और सुरक्षा मानकों की भी समीक्षा की प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मुख्य लाइन में तकनीकी खराबी के कारण शॉर्ट सर्किट हुआ था मामले की विस्तृत जांच की जा रही है

## एक नजर में

### युवक के सीने और पेट में चाकू से 6 वार, हालत नाजुक



**नवभारत, जबलपुर।** गोहलपुर थाना अंतर्गत भोलानगर में बीती रात युवक पर उसके ही पड़ोसी ने पुरानी रंजिश के चलते चाइना चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। आरोपी ने युवक की हत्या करने की नीयत से उसके पेट, सीने और हाथ पर 6 गंभीर वार किए। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घायल को अत्यंत नाजुक हालत में नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है, जहां वह जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है।

पुलिस के अनुसार, भोलानगर निवासी सुनील कोल (44) पेशे से केबल ऑपरेटर हैं, रात करीब 10:30 बजे वह अपने घर में टीवी देख रहा था। इसी दौरान घर के बाहर से अचानक जोर-जोर से आवाजें आने लगीं। जब वह दौड़कर घर के बाहर निकला, तो उसने देखा कि पड़ोस में रहने वाला अंकुश केशरवानी उसके छोटे भाई विनोद कोल (26) के साथ विवाद कर रहा था। आरोपी अंकुश पुरानी किसी बात को लेकर विनोद को सरेराह धमकी दे रहा था। जब विनोद ने इसका विरोध किया तो अंकुश आपा खो बैठा। उसने तुरंत अपनी जेब से धारदार चाइना चाकू निकाला और विनोद पर टूट पड़ा। आरोपी ने विनोद के पेट और सीने को निशाना बनाते हुए एक के बाद एक आधा दर्जन वार किए। बीच-बचाव की कोशिश में विनोद के हाथ में भी गंभीर चोटें आईं। लहूलुहान विनोद की चीखें सुनकर जब भाई सुनील और मोहल्ले के अन्य लोग उसकी जान बचाने के लिए मौके की तरफ दौड़े, तो आरोपी अंकुश केशरवानी चाकू लहराते हुए अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। परिजन आनन-फानन में घायल विनोद को ऑटो से लेकर विक्टोरिया अस्पताल पहुंचे। वहां विनोद की हालत बिगड़ती देख डॉक्टरों ने उसे प्राथमिक उपचार के बाद तुरंत मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। अत्यधिक खून बह जाने और सीने-पेट में गहरे घाव होने के कारण विनोद फिलहाल कुछ भी बोल पाने की स्थिति में नहीं है। सुनील कोल की शिकायत पर आरोपी अंकुश केशरवानी के खिलाफ हत्या के प्रयास के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### 34, 660 किसानों से खरीदा गया 25 .89 लाख क्विंटल गेहूं

**जबलपुर।** जिले में इस वर्ष 34 हजार 660 किसानों से 25 लाख 89 हजार 031 क्विंटल गेहूं का समर्थन मूल्य पर उपार्जन किया गया है और अब तक 553 करोड़ रूपये की राशि का भुगतान भी किसानों के खाते में किया जा चुका है। किसानों को शेष लगभग 126 करोड़ रूपये की राशि का भुगतान भी प्रक्रिया में है और जल्दी ही उनके खाते में यह राशि जमा कर दी जायेगी। राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में इस वर्ष किसानों से गेहूं का उपार्जन 28 मई तक किया गया था। समर्थन मूल्य पर गेहूं का विक्रय करने इस वर्ष 36 हजार 948 किसानों द्वारा स्लॉट बुक कराये गये थे। किसानों से खरीदे गये कुल गेहूं की 99.6 फीसदी मात्रा का अब तक परिहवन किया जा चुका है तथा 94.1 फीसदी मात्रा स्वीकृत भी की जा चुकी है। इस वर्ष किसानों से 40 रूपये बोनस सहित 2625 प्रति क्विंटल की दर से गेहूं का उपार्जन किया गया है। कलेक्टर कार्यालय की खाद्य शाखा के अनुसार संख्या के लिहाज से जिले में पांच वर्षों के दौरान इस वर्ष सर्वाधिक किसानों से गेहूं का उपार्जन किया गया है। वहीं, मात्रा में देखा जाये तो तीन वर्षों में सबसे ज्यादा गेहूं की खरीदी इस वर्ष हुई है। जिले में रबी विपणन वर्ष 2022-23 में 26 हजार 392, वर्ष 2023-24 में 28 हजार 073, वर्ष 2024-25 में 18 हजार 579 तथा वर्ष 2025-26 में 16 हजार 719 किसानों से समर्थन मूल्य पर गेहूं का उपार्जन किया गया था। जबकि इस वर्ष 34 हजार 660 किसानों से गेहूं की खरीदी की गई है।

# बिजली बिल आधा करने का झांसा देकर रकम ऐंठी

**बिजली विभाग की टीम की चेकिंग में पकड़ा गया फर्जीवाड़ा, एफआईआर दर्ज**

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के विजयनगर संभाग में बिजली बिल कम करने के नाम पर शासकीय मीटर से छेड़छाड़ की गई बल्कि उसे बदल दिया गया । शातिर जालसाज ने उपभोक्ता को डरा धमकाकर रकम भी ऐंठी। इस फर्जीवाड़े का खुलासा उस वक्त हुआ जब कचनार सिटी में बिजली विभाग की टीम चेकिंग करने पहुंची। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी, सबूत मिटाने और विद्युत अधिनियम की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक विद्युत विभाग की टीम ने 28 मई को कचनार सिटी मकान नंबर 28/2 निवासी गंगा कोष्टा के घर पर अचानक दबिश दी। चेकिंग के दौरान टीम के होश उड़ गए जब उन्होंने देखा कि वहां लगा बिजली मीटर पूरी तरह से टेंपर्ड था। जब मीटर का सीरियल नंबर मिलाया गया, तो पता चला कि वह मीटर विजयनगर संभाग का है ही नहीं, बल्कि किसी अन्य संभाग के लिए अलॉट था। विजयनगर कार्यालय के रिकॉर्ड से असली मीटर गायब था।

### दो बार में वसूले दस हजार, दी धमकी

जब विभागीय अधिकारियों ने महिला उपभोक्ता पर कड़ाई से पूछताछ की, तो उन्होंने रोते हुए अपनी आपबीती सुनाई। उपभोक्ता के अनुसार दिलीप कोष्टा नामक व्यक्ति उनके घर आया और बोला, मीटर में ऐसी सेटिंग कर देता हूँ कि बिल नाममात्र का आएगा। उसने मीटर खोला, छेड़छाड़ की और 5000 लेकर चला गया। इसके बाद दिलीप दोबारा आया। इस बार उसने कानूनी कार्रवाई और जेल भेजने की धमकी देकर उपभोक्ता को डराया। उसने फिर से मीटर बदला, 5000 वसूले और जाते-जाते सिखा गया कि कोई पूछे तो बोल देना कि पुराना मीटर जल गया था। विजयनगर संभाग की कनिष्ठ अभियंता प्रियंका सुमन वर्मा की लिखित शिकायत पर पुलिस ने दिलीप कोष्टा के खिलाफ प्रकरण दर्ज जिसने न सिर्फ उपभोक्ता को ठगा, बल्कि शासकीय संपत्ति को चुराकर बिजली विभाग के साथ भी आपराधिक षड्यंत्र रचा।

### 49 वारंटी, 28 शराब तस्कर पकड़ाए

**जबलपुर।** शहर से लेकर ग्रामीण अंचल की पुलिस ने पिछले 24 घंटे में 12 म्यादी वारंटी, को गिरफ्तार किया गया है एवं 37 जमानती वारंट तामील किये गये। अवैध शराब के कारोबार में लिप्त 28 व्यक्तियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 1251 पाव देशी, अंग्रेजी एवं 57 लीटर कच्ची शराब जप्त की गयी है।

### ऑटो चालक पर हमला

**जबलपुर।** अधारताल थाना अंतर्गत कटरा में बदमाश ने ऑटो चालक पर बेसबॉल के डंडे से हमला कर दिया। पुलिस ने बताया कि शाहिद मंसूरी 30 वर्ष निवासी कटरा मस्जिद के पास अधारताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह आटो चलाता है नेता कालोनी भट्टा के पास खड़ा था तभी इरशाद उर्फदुप्पल उससे त्यौहार के खर्च के लिये एक हजार रूपये मांगने लगा, उसने मना किया तो हाथ मुक्कों से मारपीट करबेसबाल से हमलाकर चोट पहुॅचा दी।

# दहेज में 5 लाख, कार की डिमांड कर घर से निकाला, एफआईआर दर्ज



**जबलपुर।** अधारताल थाना अंतर्गत कटरा निवासी एक महिला को शादी के बाद से दहेज लोभी कम दहेज मिलने का ताना मार प्रताड़ित करने लगे। जब पांच लाख रूपए नकद और कार की डिमांड पूरी नहीं हुई तो उसे घर से निकाल दिया। अब पीड़िता ने थाने पहुंचकर आपबीती सुनाई। जिसके बाद पुलिस ने आरोपित पति, जेठ, जेठानियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक शनिवार को समा मंसूरी 37 वर्ष निवासी कटरा अधारताल ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि उसका निकाह मोह. नौसाद मंसूरी निवासी अजीजगंज पसियाना के साथ 16 मई 24 को मुस्लिम रीतिरिवाज से हुआ था निकाह में उसके माता पिता ने नगद 50 हजार व गृहस्थी का अन्य सामान दिया था निकाह के कुछ समय बाद पति मोह. नौशाद मंसूरी, जेठ बबलू उर्फ शहजाद, मोहम्मद कासिम, मोह. फरियाद, मोह. आजाद व बडी जेठानी शहजादी, तस्लीम, उसे कम दहेज लाने का ताना देकर शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताडित करने लगे, पति उससे विवाद कर 5 लाख रूपये एवं 4 पहिया वाहन की मांग करने लगा, उसने मना किया तो पति ने उसके साथ मारपीट, पति नशे में आये दिन उसके साथ मारपीट कर प्रताडित करने लगे। दहेज की मांग पूरी ने करने पर सभी ने उसे घर से निकाल दिया था। ससुराल वाले बोले की 5 लाख रूपये व कार नहीं दिये तो हम नही रखेंगे।



# तकनीकी नवाचार किसानों को आत्मनिर्भर बनाने में निभाएंगे अहम भूमिका

**जबलपुर।** कृषि उत्पादन आयुक्त अशोक वर्णवाल ने शनिवार को जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के सब्जी फार्म का भ्रमण कर लौकी एवं खरबूजा के हाइब्रिड बीज उत्पादन की उन्नत तकनीकों का अवलोकन किया। उन्होंने फार्म पर विकसित किए जा रहे हाइब्रिड बीज उत्पादन के कार्यों की सराहना की।

उन्होंने कहा, कृषि क्षेत्र में इस प्रकार के तकनीकी नवाचार किसानों की आय दोगुनी करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। विश्वविद्यालय द्वारा संचालित अनुसंधान एवं तकनीकी गतिविधियां प्रशंसनीय हैं और भविष्य में ऐसे वैज्ञानिक प्रयासों को और अधिक प्रोत्साहन दिया जाएगा। इस दौरान विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक डॉ. अखिलेश तिवारी और उनके सहयोगी हिमांशु वर्मा ने कृषि उत्पादन आयुक्त को लौकी एवं खरबूजा में हाइब्रिड बीज तैयार करने की उन्नत तकनीकों की जानकारी दी। उन्होंने नियंत्रित परागण, बैगिंग, टैगिंग तथा बीज प्रसंस्करण की विभिन्न बारीकियों को विस्तार से समझाया। वैज्ञानिकों ने बताया कि इन वैज्ञानिक पद्धतियों के माध्यम से उच्च गुणवत्ता वाले हाइब्रिड बीजों का उत्पादन किया जा रहा है।

**कार्यवाही** | कार समेत 33 किलो 300 ग्राम गांजा बरामद

# 16 .65 लाख का गांजा समेत सौदागर पकड़ाया




**नवभारत, जबलपुर।** क्राइम ब्रांच व बरेला पुलिस ने शारदा मंदिर तिराहे के पास घेराबंदी करते हुए ओडिशा से कार से लाया गया 33 किलो 300 ग्राम गांजा कीमती लगभग 16 लाख 65 हजार रूपये का जब्त करते हुए सौदागर को दबोच लिया है।

अति. पुलिस अधीक्षक अपराध जितेन्द्र सिंह ने बताया कि बरेला थाना प्रभारी शुभम सिंह ठाकुर को सूचना मिली कि मण्डला की ओर से तस्कर कार एमपी 20 जेड जी 9299 से अधिक मात्रा में अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर जबलपुर की ओर आ रहा है। सूचना पर एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के तहत कार्यवाही करते हुये क्राईम ब्रांच एवं थाना बरेला की संयुक्त टीम द्वारा शारदा मंदिर तिराहे के पास नाकाबंदी की गयी, जिसे देखकर क्रेटा का चालक तेजी से भागने लगा, घेराबंदी कर कार को रोका गया, कार चालक बुलराजू पिता वैंकट राव 57 वर्ष निवासी शास्त्री नगर मेडिकल कालेज तिलवारा को दबोचा गया, जिसे सूचना से अवगत कराते हुये तलाशी लेने पर 2740 रूपये नगद, 2 मोबाइट रखे मिला क्रेटा कार को चैक करने पर में आधा-आधा किलो के 10 पैकिट, बोनट खोलने पर इंजन के उपर एक-एक किलो के 27 पैकिटों में गांजा रखा मिला जिसे तौल करने पर कुल 33 किलो 300 ग्राम गांजा कीमती 16 लाख 65 हजार रूपये का होना पाया गया।

### सप्लायर से मोबाइल पर संपर्क, शुभम को बेचता था खेप

आरोपी ने पूछताछ करने पर उक्त गांजा उडिसा के टिटलागर टाउन बोलमगिर से एक व्यक्ति जिसका नाम नहीं जानता है से मोबाईल पर संपर्क कर गांजा खरीदकर लाना बताते हुये बताया कि वह गांजा लाकर शुभम सोनकर निवासी भानतलैया को बेचता है। एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये आरोपी बुलराजू, को प्रकरण में विधिवत गिरफ्तार किया गया।

### कई राज्यों में मूवमेंट

बुलराजू ने पूछताछ में कई राज उगले है। उसका मप्र के अलावा उप्र, आंध्र प्रदेश समेत बिहार, ओडिशा में भी मूवमेंट सामने आया है जिसकी पुलिस तफ्तीश कर रही है।

### बुलराज-शुभम का आपराधिक रिकॉर्ड

शुभम पर बेलबाग समेत आसपास के थानों में एक दर्जन से अधिक अपराध दर्ज है। जबकि बुलराज पर गढ़ा थाने में एनडीपीएस एक्ट का पहले से अपराध दर्ज है। पुलिस बुजराल को रिमांड पर लेकर गांजा तस्करी से जुड़े नेटवर्क की जड़ तक पहुंचने में जुटी हुई है साथ ही शुभम की भी तलाश की जा रही है ।